CGBSE | PARAKH

आदर्श प्रश्नपत्र–2025–26

**Model Question Paper – 2025-26**

कक्षा – 12वीं

**Class – 12th**

विषय – औद्योगिक संगठन के मूलतत्व (332)

**Subject – Elements of Industrial Organization (332)**

पूर्णांक – 80 समय : 03 घण्टे

---

नोट : सभी प्रश्न हल कीजिए।

निर्देश 1. प्रश्न क्रमांक 1 वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। जिसमें तीन खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न है। खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति वाले प्रश्न हैं। खण्ड (स) में सत्य/असत्य लिखने वाले प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 1 अंक आबंटित है।

**Instructions:** Questions No.1 is objective type and it has three Part. Part (A) multiple choice question part (B) Fill in the blanks and Part (C) Write true of false. Each questions carries 1 mark.

(खण्ड – अ)/**Part "A"**

प्रश्न–1 सही विकल्प चुनकर लिखिए : **(1x7=7)**

**Choose the right option.**

1. औद्योगिक वित्त उपलब्ध कराने वाली संस्थाओं में सबसे पहले स्थापित संस्था हैं –

   (अ) IDBI (ब) IFCI (स) SIDB (द) ICICI

   (i) The first institution established to provide finance was -

   (a) IDBI (b) IFCI (c) SIDB (d) ICICI

2. स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (SAIL) की स्थापना हुई –

   (अ) 1947 (ब) 1974 (स) 1980 (द) 1991

   (ii) When was the steel authority of India established -

   (a) 1947 (b) 1974 (c) 1980 (d) 1991

3. टाटा आयरन एंड स्टील कंपनी (TISCO) की स्थापना हुई –

   (अ) 1907 (ब) 1919 (स) 1920 (द) 1923

   (iii) Tata Iron and steal company (TISCO) was established in -

   (a) 1907 (b) 1919 (c) 1920 (d) 1923

4. प्रथम औद्योगिक नीति में ..................... की अर्थव्यवस्था की नींव रखी गई थी।

   (अ) मिश्रित अर्थव्यवस्था (ब) नियंत्रित अर्थव्यस्था

   (स) मिश्रित नियंत्रित (द) उपरोक्त सभी

   (iv) The Foundation of the …………… economy was laid in the first industrial policy.

   (a) Mixed economy (b) Controlled economy

   (c) Mixed Controlled (d) All the above

5. सार्वजनिक क्षेत्र से आशय है –

(अ) निजी स्वामित्व वाले उपक्रम (ब) सरकार द्वारा स्वामित्व एवं नियंत्रित उपक्रम

(स) सहकारी उपक्रम (द) व्यक्तिगत व्यवसाय

(v) Public Sector means -

(a) Privately owned (b) Government owned and controlled under taking

(c) Co- operative enterprise (d) Personal business

6. प्रथम योजनावधि में औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि हुई –

(अ) 5.4% (ब) 5% (स) 7.4% (द) 7.2%

(vi) Industrial production Increased during the first plan period -

(a) 5.4% (b) 5% (c) 7.4% (d) 7.2%

7. यदि किसी राज्य की विकास योजनाएँ केन्द्र सरकार की नीतियों से मेल नहीं खा रहीं, तो नीति आयोग इस स्थिति में ................. कर सकता है।

(अ) राज्य की योजनाओं को रद्द (ब) केन्द्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित

(स) केवल केन्द्र की नीतियाँ लागू (द) कोई कदम नहीं उठा सकता

(vii) If the development plans of a state are not in sync with the policies of the government, then Niti Aayog can …………… in this situation.

(a) Cancellation of state schemes (b) Co-ordination between the central Govt. them

(c) Only the policies of the central are applicable (d) Can not take any action

## (खण्ड – ब) / Part "B"

प्रश्न–1 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : **(1x5=5)**

**Fill in the blanks**

1. उद्यमों को उनके आधार पर .................. प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है।

(i) Enterprises can be …………… divided in to types based on their.

2. औद्योगिक विकास में रोजगार के अवसर बढ़ते हैं, जिससे देश की ................. स्थिति में सुधार होता है।

(ii) Industrial development increases employment opportunities there by improving ……….. condition of the country.

3. "G-28 योजना...................... उद्देश्य से बनाई गई थी।''

(iii) "The G-28 plan ………………….. was formulated with the objective.

4. निजी क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य ............. होता है, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र का मुख्य उद्देश्य सेवा और विकास होता है।

(iv) The main objective of the …………. development, whereas the main objective of the public sector is service private sector is.

5. नीति आयोग की स्थापना ............................वर्ष में योजना आयोग के स्थान पर की गई थी।

(vi) NITI Aayog was ………… established in the year replacing the planning commission.

(खण्ड – स) / **Part "C"**

प्रश्न–1 सत्य / असत्य लिखिये : **(1x8=8)**

**Write True/False**

1. अंशधारी कंपनी का सेवक होता है।

(i) A share holder is a servant of the company.

2. ऋणपत्रधारी कंपनी का ऋणदाता होता है।

(ii) The debenture holder is a creditor to the company.

3. कच्चे माल की कमी उद्योगों के लिए लाभकारी होती है।

(iii) Shortage of raw materials is beneficial for industries.

4. नई औद्योगिक नीति ने लाइसेंस प्रणाली को समाप्त करके निजी क्षेत्र की अधिक स्वतंत्रता प्रदान की।

(iv) The New industrial policy gave more freedom to the private sector by abolishing the licensing system.

5. ''भारत पेट्रोलियम'' और ''स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया'' दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियाँ हैं।

(v) Both "Bharat Petroleum" and "Steel authority of India" are public sector companies.

6. नई औद्योगिक नीति से लघु उद्योगों की प्रतिस्पर्धा क्षमता घट गई।

(vi) The New industrial policy reduced the competitiveness of small scale industries.

7. नीति आयोग के अध्यक्ष भारत के प्रधानमंत्री होते हैं।

(vii) The prime minister of India is the chairman of Niti yayog.

8. यदि सार्वजनिक क्षेत्र में राजनीतिक हस्तक्षेप न हो तो उसकी कार्यकुशलता घट जाती है।

(viii) If there is no political interference in the public sector, its efficiency decreases.

**निर्देश 2. प्रश्न क्रमांक 2 से 11 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द–सीमा 50 शब्द हैं।**

**Instructions:** Questions No.2 through 11 are short answer questions, Each question carries 3 marks. The maximum word limit for answer is 50 words.

प्रश्न 2 – एक कंपनी को अपने उत्पादन का विस्तार करना है। इसके लिए उसे नई मशीनें खरीदनी हैं। बताइए – कंपनी को किस प्रकार के वित्त की आवश्यकता होगी और क्यों? (3)

A company wants to expand its production its production capacity and needs to purchase new machinery. Explain – What type of finance will the company need and why?

प्रश्न 3 – स्थायी पूँजी और कार्यशील पूँजी में कोई तीन अंतर स्पष्ट कीजिए। (3)

Explain any three differences between fixed capital and working capital.

प्रश्न 4 – प्राचीन उद्योग–धंधो के पतन से आप क्या समझते हैं? (3)

What do you understand by the decline of ancient industries?

प्रश्न 5 – औद्योगिक विकास की किन्ही दो प्रमुख विशेषताओं की व्याख्या कीजिए। (3)

Explain any two main characteristing of industrial development.

प्रश्न 6 – महा–रत्न और मिनी–रत्न उपक्रमों में कोई दो अंतर स्पष्ट कीजिए। (3)

Explain any two difference between Maha-Ratna ande Mini Ratna enterprises.

प्रश्न 7 – नई औद्योगिक नीति सन् 1991 की घोषणा किसने और कब की थी? (3)

Who announced the new industrial policy of 1991 and when?

प्रश्न 8 – किसी सरकारी कंपनी में आप एक प्रबंधक के रूप में कार्य कर रहें हैं। आपको उसकी कार्यप्रणाली का विश्लेषण करना हैं। बताइए आप किन दो विशेषताओं के आधार पर यह पहचानेंगे कि वह कंपनी सार्वजनिक उपक्रम हैं? (3)

You are working as a manager in a government company you need to analyze its functioning Based on which two characteristics would you identify that company.

प्रश्न 9 – सन् 1991 में नई औद्योगिक नीति लागू करने की आवश्यकता क्यों महसूस की गई? (3)

Why was the need felt to implement a new industrial policy in 1991?

प्रश्न 10 – राजकीय हस्तक्षेप को प्रोत्साहित करने वाले किन्ही दो घटकों की व्याख्याता कीजिए। (3)

Explain any two factors that encourage state intervention.

प्रश्न 11 – यदि किसी उद्योग में बार–बार हड़तालें हो रही हैं, तो आपके द्वारा उस उद्योग में औद्योगिक विवादों के प्रमुख दो कारणों की पहचान कैसे की जाएगी? (3)

If there are frequent strikers and lock outs in an industrial, how would you identify the two main causes of industrial disputes in that industry?

**निर्देश 3. प्रश्न क्रमांक 12 से 16 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द–सीमा 75 से 100 शब्द हैं।**

**Instructions:** Questions No.12 through 16 are long answer questions, Each question carries 4 marks. The maximum word limit for answer is 75 to 100 words.

प्रश्न–12 विवेकिकीरण से सिद्धांतों का वर्णन कीजिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

Describe the principals of Ratio halisation. (any four)

अथवा / Or

विवेकिकीरण हेतु भारत सरकार द्वारा उठाए गए किन्ही चार कदमों का वर्णन कीजिए।

Describe any four steps taken by the Government of India for rationalisation.

प्रश्न–13 औद्योगीकरण की समस्याओं का वर्णन कीजिए। (कोई चार) (1+1+1+1=4)

Describe the problems of Industrialization. (any four)

अथवा / Or

औद्योगिक स्थानिकीकरण के आर्थिक कारणों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

Explain the economics reasons for Industrial localization with examples.

प्रश्न–14 द्वितीय विश्व युद्ध का भारतीय उद्योगों पर क्या प्रभाव पड़ा? (1+1+1+1=4)

What impact did the Second World War have on Indian industries.

अथवा / Or

प्राचीन उद्योगों के पतन की किन्ही कारणों को संक्षेप में समझाइए।

Briefly explain four reasons for the decline of ancient industries.

प्रश्न–15 लघु उद्योगों के विकास के लिए आप कौन–कौन से चार नए सुझाव देंगे? (1+1+1+1=4)

What four new suggestions would you give for the development of small scale industries?

अथवा / Or

यदि आप भारत सरकार के नीति–निर्माता होते, तो विदेशी पूँजी के विनियोजन के प्रोत्साहन के लिए कौन–कौन से चार नवीन उपाय अपनाते?

If you were a policy maker of the Indian government, what four innovative measures would you adopt to encourage investment of foreign capital?

प्रश्न–16 ''औद्योगिक संबंधो के सिद्धांतों में लोकतंत्र, मान्यता, आपसी तालमेल और सामूहिक सोदेबाजी का विशेष महत्व है।'' इस कथन के आधार पर मूल्यांकन कीजिए कि इन सिद्धांतो के पालन से संगठन में औद्योगिक शांति और उत्पादकता में किस प्रकार सुधार लाया जा सकता है।

(-------------)

Democracy, recognition, mutual understanding and collective bargaining are of paramount Importance in the principals of industrial relations “Based on this statement, evaluate haw adherence to these principals can improve industrial peace and productivity in an organization.

अथवा / Or

भारत में औद्योगिक शांति बनाए रखने के लिए श्रम समितियाँ कल्याण अधिकारी, समझौता अधिकारी तथा जाँच न्यायालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'' इस कथन के आधार पर मूल्यांकन कीजिए कि इन व्यवस्थाओं की प्रभावशीलता किस हद तक औद्योगिक विवादों के समाधान और सौहार्दपूर्ण संबंधों को बनाए रखने में सहायक हैं।

Labor committees, labor welfare officers conciliation officers and courts of inquiry play an important role in maintaining industrial place in India. Based on this statement evaluate the extent the which these mechanisms are effective in resolving industrial disputes and maintaining cordial industrial relations.

निर्देश 4. प्रश्न क्रमांक 17 से 21 तक अति दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं। उत्तर की अधिकतम शब्द–सीमा 150 से 200 शब्द हैं।

**Instructions:** Questions No.17 through 21 are very long answer type questions, Each question carries 6 marks. The maximum word limit for answer is 150 to 200 words.

प्रश्न–17 भारत में लौह इस्पात(Iron and steel) उद्योग किन क्षेत्रों मे केंद्रित है और क्यों? इसके स्थानिकीकरण के कारणों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। (2+4=6)

In which regions is the iron and steel industry concentrated in India and why? Explain the reasons for its localization with Exaplain.

अथवा / Or

औद्योगिक स्थानिकीकरण (Industrial Localization) क्या है? इसके प्रभावी तत्वों को समझाइए तथा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए कि यह उद्योगों के विकास में कैसे सहायक है।

What is industrial localization? Explain its key elements and illustrate, with examples, how it contributes to industrial development.

प्रश्न–18 अल्फ्रेड वेबर के औद्योगिक स्थानिकीकरण सिद्धांत की प्रासंगिकता का मूल्यांकन कीजिए। (1+1+1+1+1+1=6)

Evaluate the relevance of Alfrod webers Industrial localization theory.

अथवा / Or

राजनीतिक कारणों एवं भौगोलिक कारणों का औद्योगिक स्थानिकीकरण पर प्रभाव का मूल्यांकन कीजिए।

Evaluate the impact of political and geographical factors on industrial localization.

प्रश्न–19 लघु एवं कुटीर उद्योगों की प्रमुख समस्याओं का विश्लेषण कीजिए तथा उनके मूल कारण बताइए। (1+1+1+1+1+1=6)

Analyze the major. Problems of small and cottage Industries and Explain their main causes.

अथवा / Or

भारत में विदेशी पूँजी की समस्याओं का गहन विश्लेषण कीजिए।

Analyze in depth the problems of foreign capital in India.

प्रश्न–20 कल्पना कीजिए कि आप भारत के सूती वस्त्र उद्योग के सलाहकार हैं। उद्योग की प्रमुख समस्याओं को पहचानते हुए आप क्या सुधारात्मक उपाय करेंगे। जिससे उत्पादन, गुणवत्ता और निर्यात में वृद्धि हो सके। (1+1+1+1+1+1=6)

Imagine you are a consultant to the Indian cotton textile industry. Identifying the industry's major problems, what corrective measures would you take to increase production, quality and Exports?

अथवा / Or

यदि आप ''राष्ट्रीय पुनर्गठन समिति'' के सदस्य हैं, तो लौह–इस्पात उद्योग की समस्याओं को सुलझाने हेतु कौन–से कदम सुझाएँगें?

If you are member of the "National steel Restructuring committee" what steps would you suggest to solve. The problems of the iron and steel industry?

प्रश्न–21 मान लीजिए आप एक औद्योगिक इकाई के प्रबंधक हैं जहाँ उत्पादन घट रहा है – औद्योगिक विकास के पिछड़ेपन को दूर करने के लिए कौन–कौन से कदम उठाएँगे?

(1+1+1+1+1+1=6)

Suppose you are the manager of on industrial unit where production is declining. What staps would you take to overcame the lag in industrial development?

अथवा / Or

आपको नीति आयोग में एक वरिष्ठ सलाहकार (Senior Advisor) के रूप में नियुक्त किया गया है। सरकार ने आपसे यह सुझाव माँगा है कि देश में सतत् (Sustainable) और संतुलित विकास के लिए नीति आयोग किन–किन कार्यो पर विशेष ध्यान दें।

You have appointed as a senior Advisor to the NiTi Ayog. The Government has asked you for suggestions on which areas of focus the NiTi Aayog should focus on to achieve sustainable and balanced development in the country.

;

——————00——————